राजस्थान सरकार

न्यायालय तहसीलदार रतनगढ़ जिला चूरू

पीठासीन अधिकारी :– सरिता
मुकदमा नम्बर 01 / 2019

दिनांक: 20.6.2019

सरकार
बनाम
श्री मूलाराम व खींवाराम रतनगढ़

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 राजस्थान भू. राजस्व अधिनियम 1956

निर्णय

पत्रावली पेश हुई। बहस उभय पक्ष विद्वान अभिभाषकगण सुनी गई, पत्रावली का एवं प्रस्तुत रिकॉर्ड का भलीभांति अवलोकन किया गया। ग्राम पंचायत टीडियासर के द्वारा दिनांक: 27.12.2018 को एक प्रार्थना पत्र पेश कर हरिराम, बृजमोहन, रामलाल, रामेश्वर, सांवताराम, गिरधारी, प्रकाश देवी, लिछमणराम, बलदेवाराम व परसाराम के खेत में जाने वाले रास्ते को मूलाराम व खींवाराम पुत्र जालूराम जाट निवासी टीडियासर द्वारा बंद करना बताया गया है। यह रास्ता मौके पर सदामद से चालू रहा है। रास्ते के संबंध में पटवारी हल्का एवं गिरदावर से मौका रिपोर्ट मंगाई गई। अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। जिसका दिनांक 11.3.2019 को अप्रार्थीगण मूलाराम एवं खींवाराम ने नोटिस का जवाब प्रस्तुत किया है। अप्रार्थीगण का कथन है कि खसरा नम्बर 225,232,233 व 237 मिन व 235 मिन तक के जिस रास्ते का नोटिस दिया गया है, वहां पर कभी भी कोई भी रास्ता अस्तित्व में नहीं रहा है। टीडियासर से बीरमसर जाने वाला कटाणी रास्ता मौके पर विद्यमान है। शिकायतकर्ता ने जानबुझकर षड़यंत्र करते हुए उनके खेत मे से नया रास्ता कायम करना चाहते हैं। इसलिए कार्यवाही व की जा रही जांच को इसी स्टेज पर खारिज किया जावे।

पटवारी हल्का टीडियासर की रिपोर्ट दिनांक 22.01.2019 एवं गिरदावर हल्का रतनगढ़ एवं पटवारी हल्का टीडियासर की संयुक्त रिपोर्ट दिनांक 25.01.2019 के अवलोकन से वादग्रस्त रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में अंकित नहीं है। परंतु खसरा नम्बर 225, 232 233 में से होकर खसरा नम्बर 374 / 235, 375 / 235, 237, 478 / 472, 479 / 472 तक जाता है। मौके पर आवागमन के निशान मौजूद है। राजस्व पत्रावली एवं मौका रिपोर्ट के अवलोकन से मौके पर आवागमन के निशानात मौजूद पाये गये हैं। जिससे स्पष्ट है कि मौके पर सदामद से आवागमन होता रहा है। अतः खसरा नम्बर 225, 232 233, 374 / 235, 375 / 235, 237, 478 / 472, 479 / 472 में आवागमन हेतु प्रचलित रास्ता यथावत कायम रहेगी। अप्रार्थीगण प्रचलित रास्ता के उपयोग में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं करेंगें।

आदेश आज दिनांक 20.6.19 को लिखा जाकर सुनाया गया।

(सरिता)
तहसीलदार रतनगढ़
जिला चूरू
तहसीलदार
रतनगढ़ (चूरू)

न्यायालय तहसीलदार रतनगढ़ (चूरू)

Scanned by CamScanner